अमर उजाला

Baghpat: नकली करेंसी के साथ दो गिरफ्तार, 32 नकली नोट बरामद बरामद, ठगी करने की फिराक में थे शातिर

बागपत जनपद के बड़ौत में कोतवाली पुलिस ने गुराना रोड से दो युवकों को नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी नकली नोटों के जरिए दुकानदारों से ठगी करने का प्रयास कर रहे थे। भनक लगने पर दुकानदारों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को न्यायलय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/baghpat/baghpat-two-arrested-with-fake-currency-and-32-fake-notes-of-100-recovered-2024-02-05